कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

// प्रेस विज्ञप्ति //

कन्या महाविद्यालय में अर्थशास्त्र नेट परीक्षा का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विगत दिनों अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों के लिए नेट सदृश परीक्षा का आयोजन किया गया। लगातार 5वीं बार आयोजित इस परीक्षा में दुर्ग एवं भिलाई के कई महाविद्यालयों की छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि आगामी जून माह में छत्तीसगढ़ में राज्य स्तर पर 23 विषयों में सेट परीक्षा का आयोजन होने जा रहा है। इसी परीक्षा को ध्यान में रखते हुए नेट परीक्षा का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर किया जा रहा है इस तरह की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर की पात्रता प्राप्त कर महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक पदों हेतु आवेदन कर सकते है जबकि नेट परीक्षा उत्तीर्ण प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर की पात्रता प्राप्त करते है।

अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस नेट सदृश परीक्षा में प्रथम स्थान पर इसी महाविद्यालय की छात्रा कु. दुर्गेश्वरी रही जबकि द्वितीय स्थान शासकीय व्ही.वाई.टी. महाविद्यालय के छात्र मानेश मण्डावी को तथा तृतीय स्थान शासकीय महाविद्यालय उतई की छात्रा कु. लता को प्राप्त हुआ। विशेष पुरस्कार हेतु कु. मुस्कान को चुना गया। इन विजेता प्रतियोगियों को एक विशेष समारोह में महाविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। नेट परीक्षा के आयोजन में महाविद्यालय की डॉ. मुक्ता बाखला एवं प्राध्यापक दीपक कश्यप का विशेष योगदान रहा।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)